तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 सहकारी समितियों में अभी भी 3.67 लाख क्विंटल धान शेष



## खबर संक्षेप

### सुनील कुमार एसईसीएल के नए निदेशक वित्त नियुक्त


**बिश्रामपुर।** शुक्रवार 26 अप्रैल को पीईएसबी द्वारा एनसीएल में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत



डी सुनील कुमार के नाम की अनुशंसा एसईसीएल के नए निदेशक वित्त के रूप में की है।कोयला उद्योग में लगभग 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले सुनील कुमार ने आचार्या नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से बीकॉम एवं आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से एमबीए की डिग्री हासिल की है। कोयला उद्योग में वित्त प्रबंधन के क्षेत्र में उन्हें मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है तथा वे कॉस्ट कंट्रोल के माध्यम से लाभप्रदता बढ़ाने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। एसईसीएल परिवार की ओर से डी सुनील कुमार को निदेशक वित्त हेतु अनुशंसित किए जाने पर अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में विक्की का चयन

**अंबिकापुर।** हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी



विक्की भगत का चयन किया गया है। सुबह अखबार व दिनभर ठेले पर फल बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले खिलाड़ी के चयन से खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। बताया जा हरियाणा में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 अप्रैल तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में सरगुजा बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ी विक्की भगत का चयन छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। विक्की भगत छत्तीसगढ़ की ओर से हरियाणा में अपना हुनर दिखाएगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विक्की भगत विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करते आ रहा हैं। मेहनती खिलाड़ी होने साथ ही परिश्रमी भी है। विक्की भगत दिन के समय पिता के साथ ठेले पर फल बेचने का काम करता है। शेष बचे हुए समय में विक्की बास्केटबॉल खेल के लिए अभ्यास करता है।

### बदसलूकी : ग्राम विस्तार अधिकारी निलंबित

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर मुख्यालय कृष्णापुर के ग्राम विस्तार अधिकारी व एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय को कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ देर रात फोन में गाली गलौज करने पर निलंबित कर दिया गया है। चांदनी नवाटोली एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों को रात्रि लगभग 12 से 12.35 तक लगातार बार-बार फोन कर गाली-गलौज किए जाने एवं उक्त तथ्यों की तस्दीक थाना प्रभारी से कराया गया तो पाया गया कि वेरियर ड्यूटी में तैनात स्टाफ को गाली-गलौज कर रहा था। संबंधित का समय रहते डॉक्टर से मुलाहिजा कराया गया जिसमें चिकित्सक द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई। अनुशासनहीनता का दोषी मानते हुए विनीत पाण्डेय, ग्राम विस्तार अधिकारी, मुख्यालय कृष्णपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### जिले में 56 मतदाताओं को मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा

**सूरजपुर।** लोकसभा क्षेत्र सरगुजा अंतर्गत जिले में होम वोटिंग का प्रथम चरण 1 मई व द्वितीय चरण 3 मई होगा जिसके अंतर्गत निर्वाचन में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके के लिए विधानसभा वार संयुक्त जिला कार्यालय के आवक-जावक शाखा के प्रथम कक्ष में मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया है। डाक मतपत्र से मतदान हेतु 4, 5 व 6 मई की तिथि का निर्धारण किया गया है। होम वोटिंग के लिए 56 मतदाता एवं डाक मतपत्र के लिए 567 मतदाता ने आवेदन किया है।

## स्वीकृति मिलने के बाद लिए गए थे 1500 फॉर्म

# नगर पालिका निगम व भगवानपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर के नगर पालिका निगम व भगवानपुर में स्वीकृत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों व बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। जिले के सभी अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूलों में ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे है लेकिन इन दो स्कूलों में प्रवेश को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल स्वीकृत होने के बाद दोनों स्कूलों में विगत वर्ष 1500 से अधिक फॉर्म जमा किए गए थे। इस दौरान बच्चों और अभिभावकों में एडमिशन को लेकर होड़ मची रही लेकिन आदर्श आचार संहिता लागु होने के कारण मामला अधर में लटक गया और अब तक इन स्कूलों का भविष्य तय नहीं हो पाया है। बता दें कि प्रदेश में मध्यम व गरीब तबके के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के लिए आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की शुरुआत की गई थी। इन शासकीय स्कूलों में बच्चों को निजी स्कूलों की तर्ज पर बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन भी किया और बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया। शासकीय स्कूल में मिल रही बेहतर शिक्षा के कारण अभिभावक भी अपने बच्चों का एडमिशन इन स्कूलों में कराना चाहते है यही वजह है कि शहर में अतिरिक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मांग हो रही थी। आत्मानंद स्कूल में बढ़ती भीड़ व लोगों की मांग के आधार पर ही शहर के नगर पालिका निगम स्कूल व भगवानपुर स्कूल को आत्मानंद स्कूल के रूप में उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। सितंबर माह में स्वीकृति मिलने के बाद अक्टूबर माह में प्रवेश के लिए ऑफलाइन फॉर्म लिए जा रहे थे। इस दौरान सर्वाधिक भीड़ शहर के नगर निगम स्कूल में देखने को मिली जहां 1 हजार से अधिक बच्चों ने फॉर्म भरा था जबकि दोनों स्कूलों के लिए 1500 से अधिक फॉर्म भरे गए। बीच शिक्षा सत्र में अभिभावकों ने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की उम्मीद से आवेदन दिया था लेकिन इसके बाद विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लग गई। आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी इन स्कूलों की सुध नहीं ली गई और अब फिर से लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इन स्कूलों में एडमिशन नहीं लिए जा रहे है।

**खास बातें**

- विस की आचार संहिता लगने से अटका मामला, अब तक उहापोह की स्थिति
- नहीं लिए जा रहे नए एडमिशन फॉर्म भी

### 16 स्कूलों में चल रही आवेदन की प्रक्रिया

बता दें कि सरगुजा जिले में कुल हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के कुल 16 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित है। अंबिकापुर विकासखंड में ही ब्रह्म पारा में अंग्रेजी माध्यम, गांधीनगर में हिंदी माध्यम के साथ ही सोहगा व केशवपुर में हिंदी-अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित है। इसके अतिरिक्त सभी विकासखण्डों में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के एक-एक स्कूल संचालित है। इन स्कूलों में नए सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया भी जारी है। इन स्कूलों में 10 अप्रैल से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे है। आवेदन लेने का समय 5 मई निर्धारित है और उम्मीद जा रही है कि इस सत्र में भी इन स्कूलों में निर्धारित सीट से दो गुना से अधिक आवेदन आएंगे लेकिन नगर पालिका निगम व भगवानपुर स्कूल में नए आवेदन लेने और पूर्व में लिए गए 1500 से अधिक आवेदन को लेकर अधिकारी कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। इन दो स्कूलों में इस सत्र से आत्मानंद स्कूलों संचालन होगा या नहीं इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यदि इन दो स्कूलों में एडमिशन लिए जाते तो सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क में निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिल पाता।

### शिक्षकों की भर्ती नहीं होने से अटका मामला

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में नगर पालिका निगम व भगवानपुर स्कूल को स्वीकृति मिलने के बाद आवेदन लेने की प्रक्रिया तो पूर्ण कर ली गई थी लेकिन संविदा शिक्षकों की भर्ती का मामला अटक गया था। दोनों स्कूलों के लिए 24-24 पद स्वीकृत किए गए थे और प्रशासन द्वारा कमेटी का गठन कर संविदा शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी लेकिन विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगने के कारण भर्ती नहीं हो पाई। शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण ही इन स्कूलों में इस सत्र से एडमिशन नहीं लिए जा रहे है। वर्तमान में भी लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी हुई है और ऐसे में भर्ती नहीं की जा सकती और उसके बाद जुलाई में शिक्षा सत्र शुरू होना है ऐसे में इतने कम समय में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करना भी संभव नजर नहीं आ रहा है।

### नहीं मिले हैं दिशा-निर्देश

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूलों में एडमिशन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है। नगर पालिका निगम व भगवानपुर स्कूल के लिए शासन से कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले है। आदर्श आचार संहिता होने के कारण शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पाई थी। भविष्य में शासन से दिशा-निर्देश मिलने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

-**अशोक सिन्हा**, डीईओ



# कुमकी हाथियों की मदद से अकेले घूम रहे दंतैल को पहुंचाया गया दूसरे जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के निकट कुल्हाड़ी जंगल में पिछले 10 दिनों से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल को वन विभाग ने कुमकी हाथियों की मदद से दूसरे जंगल पहुंचाने में सफलता पाई है। दंतैल को दुसरे जंगल तक पहुंचाने के लिए विभाग को लगातार तीन दिनों तक अभियान चलाना पड़ा। फिलहाल सरगुजा के जंगलों में हाथियों का कोई बड़ा दल सक्रिय नहीं है। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में मौजूद 9 हाथियों का दल पूरे साल भ्रमण करता है तथा बीच-बीच में मैनपाट एवं लखनपुर रेंज के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है। वर्तमान में विभिन्न जंगलों में दल से भटके अकेले दंतैल घूम रहे हैं जो रातोंरात दूसरे क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं। अकेले हाथी बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं इनकी उपस्थिति की जानकारी नहीं होने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शहर के निकट ग्राम खलीबा एवं कुल्हाड़ी के बीच एक दंतैल 12 अप्रैल से भ्रमण कर रहा था। वन अमला प्रारम्भ से ही ट्रेकरों की मदद से दंतैल को दूसरे जंगल की ओर पहुंचाने की कोशिश कर रहा था लेकिन दंतैल जंगल छोड़ने को तैयार नहीं था। शहर के नजदीक मौजूद होने के कारण दंतैल वन अधिकारियों के लिए परेशानी का सबब बना था। लगातार निगरानी करने के बावजूद उसके कभी भी शहर की ओर पहुंचने का खतरा था। अंततः वन अधिकारियों ने वाइल्ड लाइफ पीसीसीएफ सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में कुमकी हाथियों की मदद से लगातार तीन दिनों तक अभियान चलाकर उसे दूसरे जंगल में पहुंचाया। दंतैल जंगल छोड़ने को तैयार नहीं था लिहाजा कुमकी हाथियों ने घेराबंदी कर दंतैल को दो दिनों के अभियान में पार्वतीपुर जंगल में पहुंचाया। अभियान में वाइल्ड लाइफ सीएफ केआर बढ़ई डीएफओ तेजस शेखर, अजीत पाण्डेय सहित विभिन्न वनमण्डलों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ट्रेकर मौजूद थे। इस संबंध में डीएफओ श्री शेखर ने बताया कि दंतैल को कुमकी हाथियों की मदद से पार्वतीपुर में पहुंचा दिया गया है।

- 12 अप्रैल से मौजूद था कुल्हाड़ी जंगल में

# लोकसभा चुनाव के लिए की गई ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के साथ ही राजनैतिक दलों की मौजूदगी में मॉकपोल भी करवाए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा संसदीय स्कूटर में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होना है। मतदान को लेकर जिले में निर्वाचन संबंधी तैयारियां जोरों से चल रही है। इसी क्रम में ईवीएम मशीनों के द्वितीय रेंडमाइजेशन के पश्चात शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विधिवत खोला गया। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। जिसके पश्चात ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग का कार्य शुरू किया गया, इसके साथ ही मशीनों का मॉकपोल भी करवाया गया। कलेक्टर भोस्कर विलास ने कमीशनिंग कार्य का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लोकसभा निर्वाचन हेतु कुल 91 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमीशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। कमीशनिंग के समय ड्यूटी में लगे सेक्टर अधिकारियों को प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी देते हुए सावधानियों के बारे में बताया गया। बताया गया कि सीयू, बीयू और वीवीपैट मिलने पर सर्वप्रथम इनका सीरियल नंबर और मतदान केंद्र का नाम व नंबर रेडमाइजेशन से प्राप्त लिस्ट से मिलान करने के पश्चात ही कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसा न होने की स्थिति में स्ट्रांग रूम में मशीनों को वापस किया जाता है। इस दौरान सीयू, बीयू और वीवीपैट को आपस में जोड़ने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वीवीपैट को सीयू, बीयू से जोड़ने के बाद एक-एक वोट डालकर मोकपोल किया जाता है। मोकपोल के बाद पर्ची निकालकर सीयू से मिलान कर लिफाफे में बंद किया जाता है। सात पर्ची तथा उम्मीदवार के मतों को लिफाफे में रखकर लिफाफे के ऊपर विधानसभा क्रमांक एवं नाम, मतदान केंन्द्र क्रमांक एवं नाम, अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर करते हैं। फिर वीवीपैट के दोनों ओर एड्रेस टैग में विवरण भरकर चपड़े से सील किया जाता है। बीयू की सीआरसी कर मशीन में डाले गये सारे मतों को खाली करना, वीवीपैट और सीयू दोनों में डाले गये मतों को खाली करना, इस प्रकार वीवीपैट और सीयू में डाले गये मतों को खाली करना, सीयू और वीवीपैट के सील होने के बाद उन्हें उनके बॉक्स में रखना, बॉक्स के हैंडल में एक-एक एड्रेस टैग केवल धागे से हैंडल में बांधना, सहित सीयू में 3 एड्रेस टैग, बीयू में 4 एड्रेस टैग एवं वीवीपैट मे 3 एड्रेस टैग लगाने की जानकारी दी गई। इसी तरह मशीनों को स्ट्रॉन्ग रूम भेजने से पहले निर्धारित नियमों की जानकारी भी दी गई।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा, कमीशनिंग के लिए लगाए गए 91 टेबल

# मतदाता जागरूकता अभियान में बलरामपुर ने बनाए तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



प्रमाण पत्र के साथ कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

शुक्रवार को मतदाता जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान में जिले ने एक साथ तीन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। जिले में स्वीप बैलून, अम्ब्रेला रैली व मानव श्रृंखला बनाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी आर एक्का को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाए जा रहे है। फुटबॉल, तैराकी प्रतियोगिताएं कराने के साथ ही स्वीप बैलून, बाहर गए मतदाताओं को फोन कर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की बदौलत ही विधानसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई थी व घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी उत्साह के साथ लोगों ने मतदान किया। वहीं इस बार भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय में अंब्रेला रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने मानव श्रृंखला और स्वीप बैलून के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अंतर्गत अब तक आयोजित किये गए कार्यक्रमों में से फुटबाल प्रतियोगिता, स्वीप बैलून और अम्ब्रेला रैली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल शर्मा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया। सभी विकासखण्ड मुख्यालयों के साथ-साथ जिला मुख्यालय में लगभग 1 हजार महिलाओं ने अंब्रेला रैली निकालकर मतदाताओं से लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। यह रैली पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के खेल मैदान में जाकर संपन्न हुई जहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। महिलाओं ने खेल मैदान में अशोक चक्र की थीम पर मानव श्रृंखला का निमार्ण किया और स्वीप बैलून आकाश में छोड़कर आगामी 7 मई को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया। रैली में समुह की महिलाएं अपने हाथों से बुनी हुई आकर्षक तथा रंगीन छतरियों के माध्यम से अपने कला का प्रदर्शन कर रहीं थी, वहीं दूसरी ओर इस विशेष दिन पर महिलाओं के द्वारा अपने घर के कामों को छोड़ मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होकर लोकतंत्र के महापर्व में अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करते हुए इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ना मतदान के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील, जनपद सीईओ रणवीर साय, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं व आम नागरिक उपस्थित रहे।

- स्वीप बैलून, अम्ब्रेला रैली व मानव श्रृंखला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

### लोकतंत्र के महापर्व में ले हिस्सा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का ने कहा कि स्वीप के तहत जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज अम्ब्रेला रैली एवं स्वीप बैलून के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि लोग अधिक से अधिक संख्या में मत देने के लिए मतदान केन्द्रों में आयें। इन कार्यक्रमों में महिलाओं की सराहनीय भागीदारी रही। जिले के अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के महापर्व में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मतदान करने अवश्य जायें।

## राजनैतिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन

# 279 बैलेट और 24 कंट्रोल यूनिट समेत 65 मशीनों का रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



रेंडमाइजेशन में उपस्थित कलेक्टर व राजनीतिक दल के प्रतिनिधि।

लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभा क्रमांक 03 बैकुंठपुर का शुक्रवार को क्लेक्टोरेट परिसर में स्थित एनआईसी कक्ष में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं विभिन्न दलों के राजनैतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

तृतीय चरण में होने वाले कोरबा संसदीय, लोकसभा निर्वाचन में महज डेढ़ सप्ताह ही बचे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय बैकुंठपुर द्वारा लगातार निष्पक्ष, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही मतदाताओं को मतदान के लिए जन-जागरूकता भी किया जा रहा है। वहीं रेंडमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य के लिए 25 अप्रैल को जिला पंचायत के आडिटोरियम में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। 26 अप्रैल को एनआईसी कक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। 279 बैलेट यूनिट, 24 कंट्रोल यूनिट व 65 मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपका नेताम उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को किया जाएगा आमंत्रण कार्ड का वितरण

लोकसभा निर्वाचन मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने स्थानीय हाट-बाजारों में आमंत्रण कार्ड का वितरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार कोरिया एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में किया जाएगा। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने स्थानीय हाट-बाजारों में आमंत्रण कार्ड का वितरण 27 अप्रैल को शाम 4 बजे विकासखंड़ बैकुंठपुर के बाजारपारा पटना, 28 अप्रैल को शाम 4 बजे बाजारपारा बैकुंठपुर, 30 अप्रैल शाम 5 बजे बाजार क्षेत्र छिन्दडांड़ एवं 1 मई शाम 4 बजे विकासखंड़ सोनहत के बाजार मैदान सोनहत में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# खुलेआम कटार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कोतवाली पुलिस ने खुलेआम कटार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि प्रतापपुर रोड धोबी नाला के समीप एक संदिग्ध युवक कटार लेकर घूम रहा है और लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया और उसके पास से लोहे का कटार जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस प्रतापपुर रोड धोबी नाला रोड निवासी 27 वर्षीय प्रभु दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह शामिल रहे।



# फाइनली कपिल शो पर आ ही गए मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर...

**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान के बाद अब फाइनली आमिर खान भी कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर आ चुके हैं। इस एपिसोड का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसे देखकर शर्तिया आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर अगले मेहमान होंगे। शो का प्रोमो वीडियो बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कपिल शर्मा आमिर खान से कहते नजर आ रहे हैं कि हमें तो लगा था आप हमारे शो पर आएंगे ही नहीं। बता दें कि सलमान खान और शाहरुख खान तो कपिल शर्मा शो पर नजर आ चुके हैं, लेकिन कभी आमिर खान ने इस मंच पर कदम नहीं रखा। प्रोमो वीडियो में जहां कपिल शर्मा कई मुद्दों पर आमिर खान की टांग खींचते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style



# हिना
## प्रोड्यूसर राजन शाही से नहीं होती बातचीत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो के प्रोड्यूसर राजन शाही और इसके कलाकारों के बीच अक्सर खटपट की खबरें आती रही हैं। ऐसी अटकलें थीं कि मोहसिन खान, हिना खान और हर्षद चोपडा जैसे अभिनेताओं के शाही के साथ रचनात्मक मतभेद थे।

हाल में राजन शाही ने हिना खान के साथ अपने मतभेदों को स्वीकार किया है, जिन्होंने शो में अक्षरा का किरदार निभाया था। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत हिना खान ने शो में मुख्य भूमिका निभाकर की थी। लोगों ने उस दौरान के एपिसोड्स को भी खूब पसंद किया था। हालांकि, हिना खान और शो के निर्माता राजन शाही के बीच झगड़े की अटकलें थीं। लेटेस्ट इंटरव्यू में राजन शाही ने इसका जवाब दिया और यह भी कहा कि वह हिना खान और उनमें आए बदलाव की सराहना करते हैं। राजन शाही ने कहा, 'जो लोग अपना काम जानते हैं, जो हिम्मत करते हैं, वो जिंदा रहेंगे। उदाहरण के लिए, हिना के साथ मेरे मतभेद थे, और अब भी हैं। लेकिन वह सर्वाइव कर गईं, क्योंकि उनमें वह प्रतिभा थी। वह हुनर और एक्स-फैक्टर था कि चीजों को कैसे बदलना है। वह एक फैशन आइकन बन गई। मैं उससे बात नहीं करता, लेकिन उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'वो लड़की ने कितनी बुद्धिमानी से मेहनत की है, हा, हमारे आखिरी कुछ महीनों में दिक्कतें आई थीं। वो चैप्टर क्लोज हो गया लेकिन उस लड़की ने खुद को रीइन्वेंट किया। मेहनत की, आज भी कर रही है, ग्रांटेड नहीं ले रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डेडपूल एंड वुलवरिन' के ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे।



# हॉरर फिल्म में साथ होंगे अल पचीनो-डैन स्टीवंस

**लॉस एंजिल्स।** डैन स्टीवंस और अल पचीनो हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड मिडेल करने वाले हैं। वहीं, इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर' से लेकर 'अबीगैल' और आगामी 'कुक्कू' तक, डैन स्टीवंस हाल ही में हर जगह हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट की मानें तो डैन स्टीवंस ने एक अन्य फिल्म के लिए अल पचीनो के साथ हाथ मिलाया है। दोनों एक्सवाईजेड फिल्म्स और निर्देशक डेविड मिडेल की हॉरर मूवी 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अल पचीनो और डैन स्टीवंस दोनों हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं।



# परिवार में नहीं करतीं पॉलिटिक्स...

**मुंबई।** आलिया भट्ट जितनी प्रोफेशनल लाइफ में अच्छी हैं, उतना ही पर्सनल लाइफ में वह सबकी फेवरेट हैं। वह अपने ससुराल वालों की भी फेवरेट हैं। आलिया भट्ट अपने ससुराल वालों के बहुत करीब हैं। ना सिर्फ शादी के बाद बल्कि शादी से पहले ही आलिया, कपूर परिवार के हर सुख-दुख में साथ रही हैं। आलिया अपनी सासू मां नीतू कपूर के साथ-साथ अपनी उनकी रिद्धिमा कपूर के भी बहुत करीब हैं। रिद्धिमा सोशल मीडिया पर भी कोई मौका नहीं छोड़ती हैं उन पर प्यार बरसाने पर। अब रिद्धिमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी भाभी के तारीफों के पुल ही बांध दिए हैं। रिद्धिमा ने उस समय के बारे में बताया जब ऋषि कपूर को कैंसर हुआ था। रिद्धिमा ने बताया कि आलिया, ऋषि कपूर के बहुत करीब थीं।



# 'हीरामंडी' शो को लेकर बटोर रहे सुर्खियां

**मुंबई।** शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है, क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था।

## टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार जल्द होगा खत्म

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस बीच शो के होस्ट बिग बी ने सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें अमिताभ बच्चन ने मंगलवार रात को अपने ब्लॉग पर शेयर की थी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी के पसंदीदा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग में व्यस्त है। अमिताभ बच्चन जल्द ही दर्शकों के लिए 'केबीसी 16' लेकर आने वाले हैं। इस सीजन की शुरुआत 26 अप्रैल से होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो क्विज शो शूट करने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें लंच भी कार में करना पड़ रहा है। अमिताभ बच्चन मे मंगलवार रात को जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें पहली तस्वीर में एक्टर कैजुअल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी और तीसरी तस्वीर में वो फॉर्मल कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जैसे वो केबीसी के शूट के दौरान पहनते हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से ; रूप स्वरूप हुआ लोगों की ज़िमेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सेशन का ; स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का।'

## ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' ने मरून साड़ी में दिखाया ग्लैमरस अंदाज...



**मुंबई।** ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' यानी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह की संगीत नाइट में लाल रंग की साड़ी पहनकर अपनी मां के साथ पहुंची। इस दौरान सालों बाद रागिनी खन्ना का लुक काफी बदला हुआ लग रहा था। जिसे देखकर उन्हें पहचानना आसान नहीं था।इससे पहले आरती सिंह के मेहंदी के फंक्शन के लिए आरती ने मेहंदी कलर की सलवार कमीज को चुना था। रागिनी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर मेहंदी फंक्शन से अपने लुक और हाथों में मेहंदी लगाए हुए कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं। वहीं, आरती सिंह के ब्राइडल शॉवर में रागिनी खन्ना बहुत ही सिंपल से लुक में पहुंची थीं। आरती के ब्राइडल शॉवर की पार्टी में उन्होंने ब्लैक कलर की जीन्स और ब्लैक हाईनेक के साथ बेज कलर का ट्रांसपेरेंट टॉप पहना हुआ था।

# 'खतरों के खिलाड़ी 14' शो में शोएब दिखाएगा दम...

**मुंबई।** रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि कन्फर्म तौर पर किसी एक नाम पर हामी नहीं भरी गई। अब पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट को लेकर एक नाम सामने आया है। यह टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना एक्टर है। फेमस रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का आगाज होने वाला है।



खतरनाक स्टंट से भरे इस शो में पहले से ज्यादा बड़ा खतरा देखने को मिलेगा। व्यूअर्स को हर बार से कुछ अलग देखने को मिले, इसके लिए शूटिंग लोकेशन बदल दी गई है। वहीं, फैंस को जिस चीज का इंतजार था, वो घड़ी भी अब सामने आ गई है।

***पहला कंटेस्टेंट हुआ कन्फर्म :*** खतरनाक स्टंट शो से भरे 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को हर एक एपिसोड में पहले से ज्यादा डरावने स्टंट कराए जाते हैं। कभी पानी में देर तक बिना सास रोके एक टास्क पूरा करना होता है, तो कभी जानवरों के बीच रहकर अपने टास्क को अंजाम तक पहुंचाना होता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में भी कुछ ऐसे ही स्टंट कंटेस्टेंट्स को परफॉर्म करने होंगे। इस बार की शूटिंग केप टाउन में न होकर, रोमानिया में होगी। दीपिका कक्कड़ ने नए व्लॉग में 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर हिंट दी है। दरअसल, शोएब इब्राहिम, दीपिका से कहते हैं कि जिम करने के बाद आइसक्रीम खाकर उन्हें गिल्ट होता है।

# *धोनी की बेटी जीवा के साथ सुशांत सिंह की थ्रोबैक फोटो इंटरनेट पर छाई, खूब हुई थी दोनों की मस्ती*

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई है, जिसमें वह धोनी की बेटी जीवा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। ये तस्वीर तब की है जब वह धोनी के घर पर अक्सर जाया करते थे। धोनी और उनकी फैमिली से मिलवाने के लिए सुशांत अंकिता लोखंडे को भी एक बार अपने साथ ले गए थे। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में दिवंगत एक्टर स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। ब्लैक एंड वाइट इस तस्वीर में सुशांत मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे बैठे धोनी दोनों को देखते हुए स्माइल दे रहे हैं। तस्वीर देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भावुक हो उठे हैं। एक ने लिखा- आपको बहुत मिस करते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- लेजेंड्स कभी नहीं मरते।

### लोगों ने कहा- सुशांत जिन्हें लोग कभी भूल नहीं सकते

एक अन्य ने कमेंट किया- सुशांत एक ऐसा नाम है जिसे लोग कभी भूल नहीं सकते। बता दें कि ये फोटो 2016 की है, जब सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और दिशा पटानी भी नजर आई हैं।

### अंकिता को मिलाने लेकर गए थे धोनी के घर

यहां ये बी बता दें कि सुशांत धोनी के घर अपनी गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे के साथ पहुंचे थे। वैसे बायोपिक की वजह से सुशांत का धोनी



के घर आना-जाना रहता था और वो अंकिता को भी उनसे मिलाने लेकर गए थे। इस मौके पर सुशांत और अंकिता ने जीवा के साथ खूब सारा वक्त बिताया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आज भी सबका दिल जीत रही हैं।

### सुशांत के निधन को 4 साल हुए पूरे

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई स्थित आवास में मृत पाए गए थे। सुशांत के निधन के 4 साल बाद भी इस केस में सीबीआई जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। एक्टर के फैंस और परिवार का कहना है कि उनके चहेते सुशांत सिंह राजपूत को इंसाफ नहीं मिल पाया है। लगातार उनके लिए जस्टिस की मांग कर रहे हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्में

# हॉलीवुड का धमाल : लाखों में बनाया और अरबों में कमाया..!

*मुंबई। फिल्में हमेशा से ही मनोरंजन का साधन रही हैं। फिर चाहे वो तब का जमाना हो या अब का। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड। हर साल ना जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इनमें कुछ ब्लॉकबस्टर होती हैं, कई सुपरहिट होती हैं तो कइयों को असफलता का स्वाद भी चखना पड़ता है। अब तक की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली सारी फिल्में हॉलीवुड की हैं। एक फिल्म तो 52 साल पहले 1972 में रिलीज हुई थी।*



**पैरानॉर्मल एक्टिविटी :** साल 2007 में रिलीज हुई ये एक ऐसी हॉरर फिल्म है, जिसे देखने वालों की रूह कांप गई थी। ओरेन पेली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 12 लाख 49 हजार 927.50 रुपए था, लेकिन इसने 16 अरब, 11 करोड़, 57 लाख, 31 हजार 900.00 रुपए का प्रॉफिट कमाया था।



**टार्नेशन :** ये फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। मानसिक रूप से बीमार मां के साथ बड़े होने के फिल्म निर्माता के अपने अनुभवों को लेकर बुनी गई 'टार्नेशन' 218.32 डालर के बजट में बनाई गई है। जोनाथन कॉउएट के निर्देशन में बनी ये मूवी परिवार, मेंटल हेल्थ और पहचान से जुड़ी मुश्किलों को एकदम खुलकर बताती है। पूरी फिल्म उन फुटेज से बनी है, जिन्हें डायरेक्र जोनाथन ने 19 सालों में रिकॉर्ड किया था। ये फिल्म भी सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसने 1,200,00 डॉलर का प्रॉफिट कमाया।



**'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' :** 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' 1999 की हॉरर फिल्म है, जिसका डायरेक्शन डैनियल मायरिक और एडुआर्डो सांचेज ने किया। कहानी एक डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर्स के ग्रुप की है, जो एक चुड़ैल के बारे में स्थानीय किंवदंती की जांच करते हुए जंगल में खो जाते हैं। इस फिल्म का फुटेज स्टाइल, शानदार एक्टिंग और मार्केटिंग कैंपेनिग ने इसे सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। इस फिल्म की फुटेज शैली एक मील का पत्थर और हॉरर सिनेमा का एक क्लासिक बन गया। क्रिटिक्स की जबरदस्त सराहना की बदौलत फिल्म ने बंपर प्रॉफिट कमाया। 49, 99, 356.00 रुपए में बनी इस फिल्म ने इतना प्रॉफिट कमाया कि सुनकर आपके कान खड़े को जाएंगे। जी हां। ये आंकड़ा 20 अरब, 71 करोड़, 58 लाख, 38 हजार था।



**डीप थ्रोट :** इस फिल्म का बजट 25,000 डालर यानी 20, 83, 212.50 भारतीय रुपए था। प्रॉफिट हुआ 22,528,467 डालर का। यानी 1877263362.41डालर (1 अरब, 87 करोड़, 72 लाख, 63 हजार तीन सौ 62 रुपए) का। 1972 में रिलीज हुई 'डीप थ्रोट' काफी बोल्ड फिल्म थी। इसका डायरेक्शन जेरार्ड डेमियानो ने किया। ये फिल्म विवाद का कारण बनी। पूरे देश में सेंसरशिप और कानून के बारे में चर्चा तेज हो गई। लीड एक्ट्रेस लिंडा लवलेस खुद इस फिल्म के खिलाफ चली गईं, जिससे नारीवादी आंदोलन पर भी प्रभाव पड़ा। इतना कुछ होने के बावजूद इसका नाम इतिहास में दर्ज है।



**इरेजर हेड :** इसका बजट 10,000 डालर (833285 रुपए) था। फिल्म ने 7,000,000 डालर (58 करोड़ 32 लाख 99 हजार 500 रुपए) का प्रॉफिट कमाया। 1977 में रिलीज हुई ये हॉरर मूवी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई। फिल्म के भयान सीन और डरावनी आवाजें आज भी रूह कंपा देते हैं।

26 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 4/26/2024 9:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गेहूं फसल में लगी आग 50 हजार का नुकसान

**अम्बिकापुर।** खेत में आग लग जाने से मिसाई के लिए काटकर रखे गेहूं फसल सहित खेत के खड़ी फसल में आग लग गई। आगजनी से लगभग 50 हजार की गेहूं फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा सुनियोजित तरीके से आग लगाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हमा निवासी रामकुमार आ. बाबू लाल बरगाह (29 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि इस वर्ष जनवरी माह में गांव के ही कुंज बिहारी सोनी का एक एकड खेत को अधिया में लेकर गेहूं फसल लगाया था। गेहूं फसल को पकने के बाद काटकर खेत में इकट्ठा कर के रखा था। गेहूं मिसाई करने के लिए थ्रेशर मशीन लेने गया था। उसी समय गांव का सुखाडी खान अपने गेहूं फसल को मिसाई करने के बाद बचा हुआ भुसा में आग लगा कर अपने घर में चला गया। सुखाडी खान द्वारा लगाए गए आग से गेहूं फसल में आग लग गई जिससे गेहूं फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा बगल के खेत में रामप्रसाद की दो एकड़ खेत की पकी गेहूं फसल में भी आग लगने से फसल जलकर राख हो गया और तुलसी उरांव का पुआल जलकर राख हो गया। फसल में आग लग जाने पर गांव के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी। ग्रामीणों के अनुसार आगजनी से लगभग 50 हजार का नुकसान बताया है। पीड़ित ग्रामीणों ने सुखाडी खान द्वारा सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाने उद्देश्य से आग लगाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने सुखाडी खान के विरूद्ध धारा 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक सहित मोड़ पर गिरे सवार एक की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी देखने जा रहे बाइक सवार मोड़ के समीप अनियंत्रित हो कर गए गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक बालक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम पकनी ठूठीझरियापारा निवासी बसंत आ. इंद्रलाल (12 वर्ष) बीती रात चचेरा भाई सुरेंद्र के साथ बाइक से परसापारा अवध के यहां शादी देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पुलिस चौकी रेवटी क्षेत्र के ग्राम पारसापारा मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को रेवटी अस्पताल उपचार कराने के पश्चात प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान बसंत की मौत हो गई जबकि सुरेन्द्र का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में दिनांक 28 अप्रैल रविवार को विशेषज्ञ चिकित्सक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें




छ.ग. के विख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.राहुल अहलूवालिया, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, मस्तिष्क सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नरेश देवांगन, पेट एवं ऑत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, चेस्ट फिजिश्यिन/छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।

## ग्रामीण क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय

# शादी मंडप के नाम पर पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर



दो साल पूर्व जंगल की स्थिति।



वर्तमान में ठूंठ में तब्दील जंगल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

शादी विवाह तो वैसे हर मौसम में मुहूर्त के अनुसार होता है परंतु ठंड व बरसात की अपेक्षा गर्मियों के दिनों में शादी विवाह कार्यक्रम अधिक होते है। शहरी क्षेत्र में जहां लोग होटल व मैरिज लॉज में विवाह की रस्म पूरी करते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी घर में ही मंडप सजाकर विवाह की रस्म पूरी की जाती है। परंपरा अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग मंडप की व्यवस्था आसपास के जंगल से सरई पेड़ को काट कर करते है। आलम यह है कि अब शादी मंडप की आड़ में बड़ी संख्या में न सिर्फ लकड़ी तस्कर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय हो गए है बल्कि हरे भरे जंगल से पेड़ों को काट नुकसान पहुंचाने में लगे है। हैरानी की बात यह है कि हर रोज जंगल से बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है बावजूद इसके वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती जिससे अब जंगल ठूंठ में तब्दील होने लगे है।

केतका सर्कल के पोड़ी जंगल में ग्रामीणों द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई करने का मामला सामने आया है । ग्रामीणों की माने तो शादी विवाह के लिए अभी तक मंडप लगाने के नाम पर दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर चुके है। जैसे ही शादी का सीजन शुरू होता है वैसे ही लकड़ी तस्कर आसपास के जंगलों में सक्रिय हो जाते है। दूर दराज सहित आसपास के कई ग्राम पंचायत के लोग रात में जंगल पहुंचकर अनगिनत पेड़ों को काटकर मंडप लगाने के नाम से ले जाते है जिसका पूछ परख करने वाला कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होता है। जबकि शासन हर वर्ष जंगल हरा भरा रहे इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर पौध रोपण करते है। बावजूद इसके जंगलों की सुरक्षा करने वाले लोगो की उदासीनता रवैया के कारण हरे भरे पेड़ों को काट दिया जाता है। इस प्रकार की स्थिति किसी एक जंगल की नहीं बल्कि हर क्षेत्र की है जहां शादी सीजन शुरू होते ही शादी मंडप के नाम पर कटाई शुरू कर देते है। जंगल के पेड़ सुरक्षित रहे इसके मद्देनजर यदि वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी वैवाहिक सीजन शुरू होने से पूर्व सभी पंचायतों में बैठक कर ग्रामीणों को पेड़ नहीं काटने की आपसी सहमति बनाते है तो काफी हद तक जंगल के पेड़ सुरक्षित हो सकते है। इसके अलावा गांव गांव में वन समिति का गठन कर उन्हे निगरानी की जिम्मेदारी दी जाती तो जितनी संख्या में पेड़ों की कटाई होती है उस पर अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन विभाग व ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों से तालमेल नहीं होने के कारण जंगल में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई जारी है।

**खास बात**

- विभाग द्वारा नहीं की गई कार्रवाई

### एक मंडप में नौ खंभे की जरूरत

किसी भी शादी मंडप में नौ खंभे की जरूरत होती है। लेकिन गांव में किसी के घर शादी हुआ तो पूरे गांव के लोग जंगल पहुंच कर एक एक पेड़ को काटकर शादी वाले घर में लाकर छोड़ जाते है। ऐसे में एक मंडप के लिए जहां नौ खंभे की जरूरत होती है वहां कई दर्जन पेड़ को काट दिया जाता है। शादी विवाह के इस सीजन में एक गांव में ही कई वैवाहिक कार्यक्रम होते है ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंडप सजाने के लिए जंगल में कई पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाती है।

### लकड़ी का करते है कई उपयोग

जंगल से पेड़ कटाई पूर्णतः प्रतिबंध है। इसकी जानकारी ग्रामीणों को भी भलिभांति मालूम है। ऐसे में गांव के लोग शादी के नाम पर कई दर्जन पेड़ को काट मंडप सजाते है जबकि मंडप के लिए एक खंभा की जरूरत होती है। शादी विवाह संपन्न हो जाने पर ग्रामीण मंडप के एक खंभे को छोड़ सभी खंभे को निकाल देते है जिसका उपयोग जलाऊ या फिर घर मरम्मत सहित अन्य उपयोग के लिए करते है।

### मनमानी तरीके से काटते हैं पेड़

निर्धारित मात्रा से अधिक पेड़ न काटे इसके लिए गांव में सूचना दे चुके है। लेकिन आसपास के गांव के लोग मनमानी तरीके से रात में आकर जंगल से मंडप के नाम से सैकड़ों पेड़ काट ले जा रहे है जो गलत है।

-दरोगा सिंह, सरपंच पति

### की जाएगी कार्रवाई

सभी पंचायत के सरपंचों को जंगल से पेड़ नहीं काटने के संबंध में अवगत कराया गया है। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। पेड़ काटने की सूचना मिलता है तो मैं तत्काल मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करूंगा।

-डीके सिंह, वनपाल केतका

### लगाई जाएगी ड्यूटी

जंगल से बिना अनुमति पेड़ काट रहे है तो सुबह शाम चार चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर निगरानी कराई जाएगी। इस बीच जो भी पेड़ काटते पकड़े जाएंगे उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-उमेश कुमार वस्त्रकार
रेंजर सूरजपुर

# दतिमा में कोयला लोड ट्रेलर का कपलिंक खुला,गंभीर हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दतिमा के पास शुक्रवार को कोयला लोड लेकर जा रही ट्रेलर का कपलिंग खुल जाने से गंभीर हादसा होते रह गया।बताया गया कि महान श्री से कोयला लोड कर करंजी साइडिंग आ रही ट्रेलर का दतिमा चौक के पास हॉर्स व डाला को जोड़ने में काम आने वाला यंत्र ज्वाइंट कपलिंग अचानक खुल गया जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर दुकान में घुसते- घुसते बची।बता दें कि अभी पखवाड़े भर पहले इसी चौक में कोयला लोड ट्राला की चपेट में आने से सैलून में अपने बच्चे का बाल कटाकर निकल रहे ग्रामीण को ट्राला ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।बताया जाता है कि महान श्री से करंजी साइडिंग तक कोयला परिवहन का कार्य चल रहा है जिसमें ट्रेलर चालकों द्वारा ज्यादा संख्या में ट्रीप लगाने के चक्कर में तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ।



### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर हादसे में सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी गंभीर

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर शुक्रवार दोपहर एक कार चालक ने सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी को जबरदस्त टक्कर मार दी है।दुर्घटना में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी को गंभीर चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी 64 वर्षीय नरेश राम गुप्ता शुक्रवार की दोपहर अपनी होंडा सीडी 100 बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 9795 में सूरजपुर से अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी एनएच क्रमांक 43 पर स्थित तुलसी पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर निकल रहे कार क्रमांक सीजी 29 एई 4793 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी के बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी के नाक व कान से रक्तस्राव होने के साथ ही सिर में गंभीर चोट आने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को अंबिकापुर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके से दुर्घटनाकारित कार व बाइक को जब्त कर विवेचना शुरू कर दी है।

- प्राथमिक उपचार पश्चात घायल को अंबिकापुर किया गया रेफर




# शारदापुर में उर्स 17 मई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम शारदापुर ई में हर साल की तरह इस साल भी सालाना उर्स शरीफ कार्यक्रम तीन दिनों तक आयोजित किया जाएगा। सालाना उर्स की शुरुआत 17 से 19 मई तक होगी।

कमेटी के अध्यक्ष कलीम, उपाध्यक्ष जीशान खान ने उर्स के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन चादर व संदल पोशी का आयोजन होगा। 18 एवं 19 मई को जाने-माने कव्वाल प्रस्तुति देंगे। चादर व संदल पोशी के मौके पर शाम चार बजे तक जुलूस निकलेगा। रात में यहां उल्मा ए दीन की तकरीर होगी। 18 मई को कव्वाली के आयोजन के पहले दिन कव्वाल असलम साबरी झारखंड, कव्वाल तराना परवीन गया बिहार व दूसरे दिन 19 मई को मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज कानपुर व कव्वाल रौनक परवीन के बीच कव्वाली का रोचक मुकाबला होगा। उर्स कार्यक्रम के संचालन के मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, मुमंसाद खान हेसाम खान, प्रफुल्ल पटेल, अब्दुल हसन अंसारी, सरपंच श्यामपति, साधु चरण यादव, हाजी जाहिद हुसैन सहित अन्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। उर्स कमेटी के सफल संचालन के लिए सदर उर्स कमेटी मो. मुस्ताक, सदर अंजुमन कमेटी शाहनवाज खान, सदर युवा उर्स कमेटी कलाम रंगसाज सहित अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।




# पुलिस ने 11 लोगों से जब्त की 46 लीटर महुआ शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देश पर जिले में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की पुलिस द्वारा 11 मामला में 11 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 46 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे खड़गवां पुलिस ने मुखबिर की सूचना मिली की जगरन्नाथपुर निवासी अनिल बेक आ.सघनू बेक (30 वर्ष) के घर से लगे दुकान में अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब बनाकर लोगों को बिक्री करने हेतु रखा है।



पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अनिल बेक पास से 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया। इसी प्रकार ग्राम कुसमुसी के बालेश्वर पैंकरा से 2 लीटर, ग्राम पर्री के श्यामवली से 3 लीटर, थाना चंदौरा द्वारा ग्राम असनापारा के शिवभजन से 3 लीटर, थाना झिलमिली द्वारा ग्राम भारत पैंकरा से 4 लीटर, थाना रामानुजनगर द्वारा ग्राम हर्रा टिकरा के जयप्रकाश तिर्की से 3 लीटर, थाना जयनगर द्वारा ग्राम द्वारिकानगर के संगीता बरगाह से 3 लीटर, थाना प्रतापपुर द्वारा ग्राम दुरती विजय से 3 लीटर, थाना चांदनी द्वारा ग्राम नावाटोला के चंद्रावती से 4 लीटर, ग्राम खैरा के देवनारायण से 3 लीटर व ग्राम मोहर सोप के रामकरण से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने 11 प्रकरण में 6 हजार 350 रुपए कीमत के कुल 46 लीटर महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने सभी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**बैकुंठपुर।** लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराए जाने के लिए समस्त विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में आयोजित प्रशिक्षण 13 अप्रैल को मतदान अधिकारी क्रमांक 02 के दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में किया गया था। इसमें विकासखंड़ सोनहत के माध्यमिक शाला बसेर के शिक्षक दिग्विजय सिंह पैकरा अनुपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मतदान के लिए ग्राहक को किया गया जागरूक

**ओडगी।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ओडगी में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। बैंक में आए ग्राहकों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया तथा उन्हें शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक श्री भदौरिया ने सभी ग्राहकों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संजय देव पाण्डेय एवं बीपीओ ओडगी मो. महमूद शामिल रहे। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर तथा स्वीप नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में किया गया।



### मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने दान पेटी से पार किया रूपए

**सूरजपुर।** सोमनाथ मंदिर के अध्यक्ष ग्राम नयनपुर निवासी जगमोहन यादव आ. उत्तम राम यादव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सोमवार की रात लगभग 10.30 मंदिर का पुजारी ननका ठाकुर मंदिर का दरवाजा बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे पुजारी मंदिर पहुंचा तो देखा मंदिर के दरवाजे का ताला टूटा और भीतर रखे दान पेटी नही था। घटना की जानकारी पुजारी ने गांव के सरपंच व अन्य लोगों को दी। गांव के लोगों ने दानपेटी की खोजबीन की तो दानपेटी मंदिर के पीछे पड़ा मिला। दान पेटी का ताला टूटा तथा दान की गई राशि गायब थी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### बाजार से चोरों ने पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** भगवानपुर खुर्द निवासी पुष्पा सिंह पति अम्बिका मरावी (30 वर्ष) रविवार को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीयू 1966 से साप्ताहिक बाजार अजिरमा खरीदारी करने गई थी। महिला बाजार के समीप सड़क किनारे स्कूटी को खड़ा कर सब्जी खरीदने लगी और कुछ समय बाद घर जाने के लिए स्कूटी लेने पहुंची तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है।

TOP IN SURGUJA

दिनांक 27 अप्रैल 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant - Medical Oncology and Hematooncology
24/7 Emergency Services
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 28 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी - एमडी, डीएम, कार्डियोलोजिस्ट
डॉ. नरेश देवांगन - MBBS, MS, MCH, NEUROSURGEON (Brain & Spine Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह - डी.एन.बी (मेडिसिन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो) एम.आर.सीपी.- एस.सी.ई (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लैनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता
डॉ. राहुल अहलुवालिया - एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप:- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal Collage of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

26 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/26/2024 9:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय स्तर पर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए पांच खिलाड़ी दिल्ली रवाना

**सीतापुर।** दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग प्रतियोगिता में क्षेत्र के पांच बच्चों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चयनित खिलाड़ी दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। इस दौरान शिक्षकों के साथ ही खेल प्रेमियों ने बच्चों को बधाई देने के साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल पेटला के छात्र अमोष किंडो कक्षा 8वी, आयुष तिर्की कक्षा 5वी, गोड्सन खाखा कक्षा 5वी, शुभम पैंकरा कक्षा 5वी एवं अयूब एक्का कक्षा 1ली के छात्र का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यालय के कोच लोमस आर्य बच्चों के साथ दिल्ली रवाना हुए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में 16 प्रकार की खेल गतिविधियां होंगी वहीं ये पांचो बच्चे स्केटिंग प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखायेंगे। स्कूल संचालक पुरुषोत्तम बेहरा ने सभी बच्चों को दिल्ली रवाना किया तथा राष्ट्रीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

### शॉर्टेज के कारण मिलर उठाव में नहीं ले रहे रूचि

# सहकारी समितियों में अभी भी 3.67 लाख क्विंटल धान शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन की सख्ती के बावजूद अभी तक समितियों में संग्रहित धान का उठाव नहीं हो सका। विपणन संघ ने राइस मिलरों को पूर्व में ही उठाव आदेश जारी कर दिया है लेकिन धान के वजन में कम आने के कारण मिलर उठाव में रुचि नहीं ले रहें है।

**खास बात**

- समिति प्रबंधक नुकसान होने का हवाला देकर बना रहे दबाव

इस बार समितियों द्वारा धान की बंपर खरीदी करने के कारण संग्रहित धान का उठाव प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्रशासन द्वारा सख्ती करने के बावजूद मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहें है। पिछले पांच महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण अब धान के वजन में कमी आ रही है। कुछ दिनों पर्व प्रति बोरी 2-3 किलो तक शॉर्टेज आने के कारण राइस मिलर समिति प्रबंधकों पर सुखत धान की भरपाई करने बना रहे थे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन एवं शासन के निर्देश का हवाला देकर समिति प्रबंधकों ने शॉर्टेज धान की भरपाई करने के इंकार किया तो मिलरों ने धान उठाव करना बंद किया। मिलरों का कहना है कि उन्हें शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चावल जमा करना पड़ता है। ऐसे में वे प्रति ट्रक 4-5 क्विंटल धान के चावल की भरपाई कहां से करेंगे। सतिमि प्रबंधक भी समय से धान उठाव नहीं होने के कारण आए शॉर्टेज की भरपाई के दबाव से दुखी हैं। वे अपने बेहद कम वेतन का हवाला देकर परेशानी से बचने बैंक प्रबंधन से गुहार लगा रहे है। इधर प्रशासन ने भी मिलरों को शॉर्टेज की बात न कर तत्काल समितियों में संग्रहित धान का उठाव करने का निर्देश दिया है। राइस मिलरों एवं समिति प्रबंधकों की समस्या अपनी जगह जायज भी है लेकिन सबसे जरूरी संग्रहित धान का उठाव है। आए दिन मौसम में बदलाव होने एवं बेमौसम वर्षा होने से धान के खराब होने की संभावना है।



समिति में खुले आसमान के नीचे संग्रहित धान।

**समितियों में 3.67 लाख क्विंटल**

एकीकृत सरगुजा अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया एवं एमसीबी जिला के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अभी 3 लाख 67 हजार 612 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे उठाव का इंतजार कर रहा है। बलरामपुर जिले की समितियों में अभी भी 1 लाख 97 हजार क्विंटल धान शेष बचा है। सरगुजा के दूरस्थ उपार्जन केन्द्रों में 28 हजार 556 क्विंटल एवं कोरिया के उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 42 हजार क्विंटल धान शेष बचा है। सरगुजा के 54 उपार्जन केन्द्रों में से मात्र 2 एव बलरामपुर के 49 उपार्जन केन्द्रों में से 1 में संग्रहित सम्पूर्ण धान का उठाव हो गया है जबकि शेष सभी केन्द्रों में कमोवेश धान शेष बचा है। संपूर्ण धान का उठाव नहीं होने के कारण धान का मिलान नहीं हो पा रहा है।

**जिले के मिलर कर रहे उठाव**

बलरामपुर जिले के उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव के लिए विपणन संघ ने धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, जांजगीर एवं सूरजपुर के मिलरों को डीओ जारी किया है। सरगुजा के उपार्जन केन्द्रों में जमा धान का उठाव स्थानीय मिलर कर रहे हैं। विपणन ने मिलरों को उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित सम्पूर्ण धान का उठाव करने के लिए डीओ जारी कर दिया है। अधिकारी हर हाल में अप्रैल के अंत तक संपूर्ण धान का उठाव पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। इधर समितियों के कर्मचारी विभिन्न माध्यमों से संग्रहित धान के खराब होने का हवाला देकर तत्काल धान का उठाव करने का दबाव दे रहे है।

**लगातार चल रही पहल**

संपूर्ण धान के उठाव के लिए लगातार पहल की जा रही है। विपणन संघ ने मिलरों को डीओ जारी कर दिया है। मिलर धान का उठाव भी कर रहे हैं। विपणन संघ से अप्रैल के अंत तक संपूर्ण धान का उठाव करने का आश्वासन मिला है।

-सुनील वर्मा
सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक

## पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद देर शाम शहर में हुई बूंदाबादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी वहीं देर शाम आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले दिनों सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है तथा हर दिन तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ते हुए गुरूवार को 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद देर शाम आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी रात में भी कहीं-कहीं गरज-चमक एवं हल्की वर्षा होने का अनुमान लगा रहे है। मौसम अधिकारियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ का प्रभाव छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। इसके साथ ही पश्चिम राजस्थान, उत्तरी असम के 1.5 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण, उत्तरी बांग्लादेश एवं पश्चिम बंगाल के पश्चिमी गांगेय क्षेत्र के 0.9 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिससे विक्षोभ को ताकत मिल रही है। मौसम अधिकारी शुक्रवार को विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर तक चिलचिलाती धूप निकलने एवं दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं।

- दिन का तापमान पहुंचा 40 डिग्री, शुक्रवार को कहीं-कहीं वर्षा होने का अनुमान

### नियम विरूद्ध पदोन्नति को निरस्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंप सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 के पद पर की गई पदोन्नति को नियम विरूद्ध बता निरस्त करने की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 में सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 पर पदोन्नति की गई है। पदोन्नति के लिए चयन व्यवसायिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा के माध्यम से वर्ष 2020 में किया गया था। विभाग के सेवा भर्ती नियम 21 सितम्बर 2011 के अनुसार सहायक ग्रेड-3 की पदोन्नति के लिए 6 वर्ष का अनुभव निर्धारित किया गया है जबकि कार्यालय द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से 5 वर्ष के अनुभव के आधार पर चार लोगों को सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

## श्रमिकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

- स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर शुक्रवार को खड़गवां जनपद के कई ग्रामों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मौके पर शत-प्रतिशत मतदान शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों के दौरान श्रमिकों जिसमें युवा, महिला, पुरुष सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे, उन्हें मतदाता जागरूकता के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को ग्राम पंचायत तामडांड़, जरौंधा, पोंडीडीह, टेडमा, उधनापुर, गोविंदपुर व दुग्गी में चल रहे कार्य स्थल में पहुंचकर श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए प्रेरित किया और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए गए।




शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ लेते श्रमिक।

**जिला कार्यालय में स्थापित किया गया है कंट्रोल रूम**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिले में 7 मई को मतदान है। निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए जिला कार्यालय में 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका टेलीफोन नंबर 07771-299046 है। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के ऑनलाइन रिपोर्टिंग के लिए आम नागरिकों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप्प तैयार किया गया है। सी-विजिल में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 100 मिनट के अंदर किया जाना होता है। इस प्रकार सी-विजिल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण का एक सशक्त माध्यम है।

## तीन लाख रुपए नहीं देने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को छोड़ा मायके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पति ने पहले पड़ोसी लड़की को पत्नी बनाया फिर परिजन के साथ पहली पत्नी से जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रुपए की मांग की। जब पहली पत्नी ने दोनो शर्त पूरा नहीं कर सकी तो पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ चले गए। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम आमादरहा निवासी श्रीमती बसंती अगरिया (23 वर्ष) ने दरिमा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह सामाजिक रीति रिवाज के साथ शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम जोकापाठ निवासी छोटेलाल आ. बंधन अगरिया के साथ पिछले वर्ष 26 फरवरी को हुआ था। शादी के बाद दोनों आमादरहा में ही रहते थे। 26 मार्च 24 की रात पति घर नहीं आया जिस पर पत्नी को शंका हुआ की लड़की को लेकर भाग गया है। सुबह पता चला कि छोटे लाल ने जोकापाट में पड़ोस में रहने वाली रीता नाग आ. स्व. गणेश नाग को भगा कर कहीं ले गया है और उसे पत्नी बनाकर रखा है। इसी बीच 31 मार्च को पति छोटे लाल, ससुर बंधन अगरिया, चाचा ससुर मिलू अगरिया उसके घर आए और जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रूपए देने पर ही उसे रखने की बात कही। दोनो ही शर्त मायके पक्ष के द्वारा पूरा नहीं किया गया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ कर चले गए। गत दिन विवाहिता ने घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 498 ए, 494, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पस्ता पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है। साइबर सेल बलरामपुर व पस्ता थाना पुलिस को 24 अप्रैल को सूचना मिली थी कि दो युवक झारखंड के गढ़वा से भारी मात्रा में नशीली दवाएं लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहे है। सूचना मिलने के बाद संयुक्त टीम द्वारा एनएच 343 पर ग्राम पाढ़ी में घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवारों को रोककर उनकी तलाशी ली।

